# गणित

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 2) (बहुपद)

(कक्षा – 9)

## प्रश्नावली 2.1

**प्रश्न 1:**

निम्नलिखित व्यंजकों में कौन-कौन एक चर में बहुपद हैं और कौन-कौन नहीं हैं? कारण के साथ अपने उत्तर दीजिए:

**(i)** $4x^2 - 3x + 7$ **(ii)** $y^2 + \sqrt{2}$ **(iii)** $3\sqrt{t} + t\sqrt{2}$

**(iv)** $y + \frac{2}{y}$ **(v)** $x^{10} + y^3 + t^{50}$

**उत्तर 1:**

**(i)** $4x^2 - 3x + 7$ एक चर $(x)$ में बहुपद हैं।

**(ii)** $y^2 + \sqrt{2}$ एक चर $(y)$ में बहुपद हैं।

**(iii)** $3\sqrt{t} + t\sqrt{2} = 3t^{\frac{1}{2}} + t\sqrt{2}$, एक चर में हैं, लेकिन बहुपद नहीं हैं। क्योंकि चर $(t^{\frac{1}{2}})$ की घात एक पूर्ण संख्या नहीं है।

**(iv)** $y + \frac{2}{y} = y + 2y^{-1}$, एक चर में हैं, लेकिन बहुपद नहीं हैं। क्योंकि चर $(y^{-1})$ की घात एक पूर्ण संख्या नहीं है।

**(v)** $x^{10} + y^3 + t^{50}$, ये बहुपद तो है परन्तु एक चर में नहीं है। क्योंकि यहाँ तीन $(x, y, t)$ चर हैं।

**प्रश्न 2:**

निम्नलिखित में से प्रत्येक में $x^2$ का गुणांक लिखिए:

(i) $2 + x^2 + x$ (ii) $2 - x^2 + x^3$ (iii) $\frac{\pi}{2}x^2 + x$ (iv) $\sqrt{2}x - 1$

**उत्तर 2:**

**(i)** $2 + x^2 + x$ में $x^2$ का गुणांक 1 है।

**(ii)** $2 - x^2 + x^3$ में $x^2$ का गुणांक $-1$ है।

**(iii)** $\frac{\pi}{2}x^2 + x$ में $x^2$ का गुणांक $\frac{\pi}{2}$ है।

**(iv)** $\sqrt{2}x - 1 = 0.x^2 + \sqrt{2}x - 1$ में $x^2$ का गुणांक 0

**प्रश्न 3:**

35 घात के द्विपद का और 100 घात के एकपदी का एक-एक उदाहरण दीजिए।

**उत्तर 3:**

35 घात का द्विपद = $x^{35} + 3$

100 घात का एकपदी = $3x^{100}$

**प्रश्न 4:**

निम्नलिखित बहुपदों में से प्रत्येक बहुपद की घात लिखिए:

**(i)** $5x^3 + 4x^2 + 7x$ **(ii)** $4 - y^2$ **(iii)** $5t - \sqrt{7}$ **(iv)** $3$

**उत्तर 4:**

**(i)** बहुपद $5x^3 + 4x^2 + 7x$ की घात = 3

**(ii)** बहुपद $4 - y^2$ की घात = 2

**(iii)** बहुपद $5t - \sqrt{7} = 5t^1 - \sqrt{7}$ की घात = 1

**(iv)** बहुपद $3 = 3x^0$ की घात = 0

**प्रश्न 5:**

बताइए कि निम्नलिखित बहुपदों में कौन-कौन बहुपद रैखिक हैं, कौन-कौन द्विघाती हैं और कौन-कौन त्रिघाती हैं:

**(i)** $x^2 + x$ **(ii)** $x - x^3$ **(iii)** $y + y^2 + 4$ **(iv)** $1 + x$

**(v)** $3t$ **(vi)** $r^2$ **(vii)** $7x^3$

**उत्तर 5:**

**(i)** $x^2 + x$ एक द्विघाती बहुपद है।

**(ii)** $x - x^3$ एक त्रिघाती बहुपद है।

**(iii)** $y + y^2 + 4$ एक द्विघाती बहुपद है।

**(iv)** $1 + x$ एक रैखिक बहुपद है।

**(v)** $3t$ एक रैखिक बहुपद है।

**(vi)** $r^2$ एक द्विघाती बहुपद है।

**(vii)** $7x^3$ एक त्रिघाती बहुपद है।